


# फ्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,मंगलवार,28,अक्टूबर,2025 Follow us on:/ planetnewsindia776@gmail.com

## Earthquake: पश्चिमी तुर्किए में भूकंप के तेज झटके, 6.1 मापी गई तीव्रता, दहशत में सड़कों पर उमड़े लोग



तुर्किए के पश्चिमी हिस्से में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.1 मापी गई है। आपदा एवं आपात प्रबंधन एजेंसी (AFAD) के अनुसार, भूकंप का केंद्र बालीकेसिर प्रांत के सिंदिर्गी कस्बे में था। इसके झटके इस्तांबुल, बुरसा, मनिसा और इजमिर प्रांतों में भी महसूस किए गए। भूकंप रात 10:48 बजे स्थानीय समयानुसार 5.99 किलोमीटर की गहराई में आया। झटकों के बाद कई आफ्टरशॉक भी महसूस किए गए। वहीं, इन झटकों में सिंदिर्गी कस्बे में तीन क्षतिग्रस्त इमारतें और एक दो मंजिला दुकान ढह गईं। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हीं, तुर्किए के गृहमंत्री अली यरलिकाया ने बताया कि जो इमारतें ढह गई हैं वे पहले से ही खाली थीं। वहीं, दो घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। वहीं, सिंदिर्गी जिला प्रशासन ने बताया कि अभी तक किसी के मरने की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन हमारी समीक्षा जारी है। उन्होंने यह भी बताया कि भूकंप के झटकों से लोग डरे हुए हैं, जिसके कारण कई लोग सड़क पर ही रात बिताई। तुर्किये में 2023 में भी 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसने काफी तबाही मचाई थी। भूकंप के चलते 53,000 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी। भूकंप से 11 दक्षिणी और दक्षिण-पूर्वी प्रांतों में लाखों इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। वहीं, पड़ोसी सीरिया के उत्तरी हिस्सों में 6,000 लोग मारे गए थे।

## Russia: यूक्रेन युद्ध के बीच पुतिन का बड़ा एलान,

### नए न्यूक्लियर मिसाइल टेस्ट का दावा; अमेरिका को भी दी चेतावनी



अमेरिकी प्रतिबंधों और यूक्रेन पर बढ़ते दबाव के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी परमाणु शक्ति का प्रदर्शन किया है। उन्होंने हाल ही में एक नए परमाणु-संचालित क्रूज मिसाइल 'बुरेवेस्टनिक' के सफल परीक्षण की घोषणा की है। पुतिन का यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सीधा संदेश माना जा रहा है कि रूस किसी भी दबाव में झुकने वाला नहीं है। **यूक्रेन पर किसी भी कीमत पर समझौता नहीं: पुतिन का संकेत** ट्रंप प्रशासन की ओर से रूस के तेल उद्योग पर नए प्रतिबंध लगाए जाने और तत्काल युद्धविराम की अपील के बाद पुतिन ने अपने परमाणु अभ्यासों के जरिए एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि मॉस्को यूक्रेन पर अपने रुख से पीछे नहीं हटेगा। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को उन चार क्षेत्रों से अपनी सेना पीछे हटानी होगी, जिन्हें रूस ने 2022 में अवैध रूप से कब्जा किया था, साथ ही उसे NATO में शामिल होने की कोशिश भी छोड़नी होगी।

## SIR की घोषणा पर विवाद, राजनीतिक पार्टियों की आपत्ति पर भाजपा बोली- ये देशहित की हर बात के विरोधी

चुनाव आयोग ने सोमवार को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण का एलान कर दिया। इस चरण के तहत देश के 12 राज्यों में एसआईआर किया जाएगा। हालांकि चुनाव आयोग के एलान के बाद इस पर राजनीतिक विवाद भी शुरू हो गया है। कई राजनीतिक पार्टियों ने चुनाव आयोग की घोषणा पर सवाल खड़े किए और तमिलनाडु की सत्ताधारी डीएमके ने तो चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर ही सवाल उठा दिए।



पश्चिम बंगाल में भी एसआईआर की प्रक्रिया होगी। टीएमसी ने इसे लेकर कहा कि 'हम भी पारदर्शी मतदाता सूची के पक्ष में हैं। पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से होगी, लेकिन अगर वैध मतदाता को परेशान किया गया तो हम इसका विरोध करेंगे। राज्य सरकार, राज्य धर्म निभाएगी। हम उम्मीद करते हैं कि चुनाव आयोग राजनीतिक दबाव में ऐसा कुछ नहीं करेगा कि हमें उसका विरोध करना पड़े।' वहीं पश्चिम बंगाल भाजपा ने टीएमसी के बयान पर निशाना साधा। क्योंकि उनके वोटबैंक में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठिए शामिल हैं। टीएमसी को डर है कि एसआईआर के बाद अवैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हट जाएंगे।

## यूपी: प्रदेश के पंचायत चुनावों में एसआईआर का पड़ेगा प्रभाव, अपने तय समय से चुनाव करा पाना होगा मुश्किल

उत्तर प्रदेश को विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में शामिल किए जाने से इसका असर पंचायत चुनाव की तैयारियों पर पड़ना तय माना जा रहा है। लोकसभा-विधानसभा और पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूचियां अलग-अलग हैं। जबकि, इन सूचियों को अपडेट करने की जिम्मेदारी उठाने वाले निचले स्तर के कर्मचारी कॉमन हैं। इसलिए दिक्कतें आना तय माना जा रहा





है। यूपी में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अगले साल अप्रैल-मई में होने हैं। इन दिनों पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूचियों को अपडेट करने का काम चल रहा है। 1 जनवरी 2025 के आधार पर मतदाता सूची दुरुस्त करने के लिए सर्वे का काम पूरा हो चुका है। अब सभी एसडीएम डाटा चेकिंग के बाद इसे ऑनलाइन फीड करवाने का काम करेंगे। मतदाता सूची का मसौदा (अनंतिम सूची) 5 दिसंबर को प्रकाशित होगा। जबकि, फाइनल सूची 15 जनवरी 2026 को प्रकाशित करने की घोषणा की गई है। इसके बाद पंचायत चुनाव की मतदाता सूचियों में उन युवा मतदाताओं को शामिल करने का अभियान भी चलेगा,

## कनाडा में भारतीय वर्कर के साथ लड़के ने की बदतमीजी, बोला-अपने देश वापस जाओ, हमारी नौकरियां छीन ली



कनाडा से इन दिनों एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है जिसने लोगों को गुस्से और हैरानी में डाल दिया है। ओंटारियो के ओकविले में बने एक ब्रांड आउटलेट में काम करने वाली भारतीय महिला कर्मचारी के साथ एक विदेशी युवक ने गाली-गलौज कर दी। ये पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई और जैसे ही वीडियो X पर आया, लोगों ने जमकर रिएक्शन देना शुरू कर दिया। तो आज की इस खबर में हम आपको इसी वीडियो के बारे में विस्तार से बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं। वीडियो में दिख रहा है कि एक जवान लड़का काउंटर के पास खड़ा होकर उस भारतीय महिला को भद्दी बातें बोल रहा है। वो बार-बार कहता है, "अपने देश वापस जाओ।" महिला भी चुप नहीं रहती, पलटकर उससे सवाल करती है, "क्या तुम यहां काम करना चाहते हो?" इस पर वो लड़का तुनक कर जवाब देता है, "नहीं।" फिर महिला फिर से कहती है, "तो फिर तुम होते कौन हो मुझे वापस भेजने वाले?" इतना सुनते ही लड़का और भड़क जाता है और कैमरे की तरफ मुंह करके गालियां देने लगता है। करीब 20 सेकंड का ये वीडियो यहीं खत्म हो जाता है, लेकिन इंटरनेट पर बवाल मचा देता है।

## गंभीर चक्रवाती तूफान में बदला मोंथा, भारी बारिश और 110 kmph की रफ्तार से चलेंगी हवाएं



मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि चक्रवाती तूफान मोंथा आज आंध्र प्रदेश के तट से टकराएगा। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफान मोंथा आज रात आंध्र प्रदेश के काकीनाडा इलाके में तट से टकराएगा। चक्रवाती तूफान के असर से देश के कई तटीय राज्यों में भारी बारिश हो रही है और तेज हवाएं चल रही हैं। आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। **तूफान प्रभावित इलाकों में लोगों को घरों में रहने की सलाह**

मौसम विभाग भुवनेश्वर की निदेशक डॉ. मनोरमा मोहंती ने कहा, 'चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र मोंथा अब पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है और गोपालपुर से लगभग 550 किमी दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में है। इसके उत्तर उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और आज एक गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल चुका है और यह उत्तर उत्तर-पश्चिम की ओर आगे बढ़ना जारी रखेगा और आज शाम या रात के दौरान काकीनाडा के आसपास मछलीपट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच ओडिशा के लिए, गंजम, गजपति, रायगढ़, कोरापुट, मलकानगिरी, नबरंगपुर और कालाहांडी के लिए रेड अलर्ट जारी की गई है जहां बारिश और तेज हवाएं चलेंगी। आम लोगों को घर के अंदर रहने की सलाह दी गई है।' आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में चक्रवाती तूफान की आहट के प्रभाव से भारी बारिश और तूफान की हालत है। एनडीआरएफ टीम प्रभावित इलाकों का दौरा कर रही है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा रहा है।

# Aaj Ka Rashifal 28 October:

## कन्या, धनु और मीन राशि वालों की आय में हो सकती है बढ़ोतरी,



28 October Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 28 अक्तूबर 2025 का राशिफल। आज 28 अक्तूबर, मंगलवार का दिन विशेष रूप से शुभ माना जा रहा है। मंगलवार के स्वामी हनुमानजी हैं, इसलिए आज का दिन बजरंगबली की कृपा पाने के लिए उत्तम रहेगा।

### मेष

आज का दिन वैवाहिक जीवन जी रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको सम्मान की प्राप्ति हो सकती है और संतान की फरमाइश पर उनके लिए कुछ खाने पीने की चीज भी लेकर आ सकते हैं। आपको परिवार के सदस्यों में तालमेल बनाकर चलना होगा, इसलिए यदि आपको किसी की कोई बात बुरी लगे, तो आप उसको लेकर बुरा ना माने। आपको वाहनों के प्रयोग थोड़ा बेहतर रहकर करना होगा।

### वृषभ

आज आपकी दान-धर्म के कार्यों में काफी रुचि रहेगी। आप किसी पैतृक संपत्ति को लेकर भी परेशान रहेंगे। आपको अपनी शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज करने से बचना होगा। आपको किसी नए काम की शुरुआत करना अच्छा रहेगा, लेकिन आप अपने धन की स्थिति को देखकर ही धन लगाएं। बिजनेस आपका पहले से बेहतर चलेगा। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे, जिससे आपको काफी मुश्किलें आएंगी।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। धर्म-कर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। छोटे बच्चों के साथ आपको कुछ समय बताने का मौका मिलेगा। आप अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखें। माता-पिता के आशीर्वाद से आपके काम पूरे होंगे। किसी सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आप अपने पिताजी की किसी बात का बुरा मान सकते हैं। बिजनेस में फेरबदल करने से आपका कोई काम बिगड़ सकता है।

### कर्क

आज आपके सुख-साधनों में वृद्धि होगी। काम को लेकर आपको अनुभवी व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे आपको काम करने में भी खूब मजा आएगा। आप जल्दबाजी में कोई डिसीजन लेकर कोई गड़बड़ी कर सकते हैं और आप अपने किसी काम को लेकर किसी दूसरों पर डिपेंड न रहें। आपको कार्यक्षेत्र में मनपसंद काम मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। जो लोग सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उनको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपके शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आप अपनी इन्कम को ध्यान में रखकर व्यय करें, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। यदि कोई शारीरिक समस्या आपको लंबे समय से घेरे हुए थी, तो आप उसे दूर करने की पूरी कोशिश करें। आपको अपनी आर्थिक स्थिति पर पूरा ध्यान देना होगा। धर्म-कर्म के कार्य में आपकी काफी रुचि रहेगी।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए इन्कम को बढ़ाने वाला रहेगा। परिवार में किसी नए सदस्य का आगमन हो सकता है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथियों की भावनाओं का सम्मान करें और उनसे कोई ऐसी बात ना बोले लगे, जो कि उन्हें बुरी लगे। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आप कहीं घूमने-फिरने की प्लानिंग करेंगे। आपको काम को लेकर कोई सुझाव दे सकता हैं, जिस पर आप अमल अवश्य करें।

### तुला

आज आपके सभी काम समय से बनने से आपका मन काफी खुश रहेगा। व्यापार में भी कोई डील अटकी हुई थी, तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है, लेकिन किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आप कार्यक्षेत्र में किसी दूसरे की गलतियां ना निकालें। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो उसके आपको वापस मिलने की संभावना है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

### वृश्चिक

आज आपको किसी काम को कल पर टालने से बचना होगा। करियर को लेकर यदि कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। आपकी सोची समझी साजिशें आपके काम आएंगे। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से भी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। परिवार में वरिष्ठ सदस्यों के साथ आप कुछ समय व्यतीत करेंगे, जिससे दोनों को एक दूसरे के मन में चल रही बातों का भी जानने का मौका मिलेगा।

### धनु

आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आपको कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। आपकी इन्कम भी पहले से बेहतर रहेगी। आपको किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा करने से बचना होगा। आप मौज मस्ती के मूड में रहेंगे, लेकिन आपको पढ़ाई लिखाई के लिए समय निकालने की आवश्यकता है। आपको किसी सगे संबंधी की याद सता सकती है।

### मकर

आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं दूर होगी। आपके जीवनसाथी आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे। पारिवारिक मामलों को भी आप मिल बैठकर निपटाएंगे। बिजनेस में आपको कुछ समस्याएं आने वाले समय में आपकी थोड़ी टेंशन को दे सकते हैं। यदि आप कहीं घूमने-फिरने जाएं, तो वहां अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करें, नहीं तो उनके खोने व चोरी होने का भय सता रहा है।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। आप काम को लेकर कुछ नयी कोशिश करेंगे। आपकी मेहनत का आपको पूरा फल मिलेगा। शेयर मार्केट या लॉटरी आदि में निवेश करने वाले लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आपको किसी प्रकार का कोई जोखिम लेने से बचना होगा, क्योंकि इससे बाद में आपको नुकसान अवश्य होगा। आप अपने कामों को कल पर टालने से बचें।

### मीन

आज का दिन आपके लिए इन्कम के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। कोई कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामला भी समाप्त होता दिख रहा है। आप अपने घर के रिनोवेशन का काम भी शुरू कर सकते हैं। परिवार में किसी किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी हो सकती हैं। रोजगार को लेकर इधर-उधर भटक रहे लोगों को भी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

आज 28 अक्तूबर, मंगलवार का दिन विशेष रूप से शुभ माना जा रहा है। मंगलवार के स्वामी हनुमानजी हैं, इसलिए आज का दिन बजरंगबली की कृपा पाने के लिए उत्तम रहेगा। पंचांग के अनुसार आज कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि है। चंद्रमा का गोचर आज धनु राशि से मकर राशि में होगा, जिससे चंद्राधियोग बन रहा है। इसके साथ ही रूचक राजयोग का प्रभाव रहेगा, जो शक्ति, साहस और सफलता प्रदान करने वाला योग माना जाता है।आज पूर्वाषाढा नक्षत्र के संयोग से त्रिपुष्कर योग भी बन रहा है। यह योग कार्यों में सफलता और किए गए कर्मों के तीन गुना फल की प्राप्ति का संकेत देता है। इन सभी योगों के प्रभाव से आज का दिन पांच राशियों के लिए बेहद भाग्यशाली रहेगा।

# Vrindavan: बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन की नई

## व्यवस्था नहीं हुई लागू, इसलिए भीड़ से बिगड़ रहे हालात



बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन की नई व्यवस्था को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित प्रबंधन कमेटी कई बार आदेश दे चुकी है, लेकिन इन्हें लागू नहीं किया जा सका है।वृंदावन के श्री बांकेबिहारी मंदिर में इन दिनों अव्यवस्थाएं देखने को मिल रही हैं। भीड़ से न गलियों में चैन मिल रहा है और न ही मंदिर में। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित श्री बांकेबिहारी मंदिर प्रबंधन हाईपावर्ड कमेटी ने मंदिर की व्यवस्थाओं को लेकर कई आदेश दिए, लेकिन आदेशों के पालन के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई। आदेशों के पालन की चिंता न तो स्थानीय प्रशासन को है और न ही सेवायतों को।श्री बांकेबिहारी मंदिर हाईपावर्ड कमेटी के गठन के बाद कई बैठकों का दौर चला। हर बैठक में पुराने नियमों पर चर्चाएं हुईं तो नए नियमों को लागू किया गया। आदेश जारी किया गया, लेकिन आदेश मंदिर पहुंचते ही दम तोड़ गए। वीआईपी पर्ची सिस्टम चूंकि सबको दिखाई देता है, इसलिए इसे तत्काल बंद कर दिया गया। जबकि मंदिर के समय में जो परिवर्तन किया गया, वह आज तक लागू नहीं हो सका। मंदिर में रैलिंग लगाने की बात की जाए तो पिछली मीटिंग में इसके लिए आदेश दिए गए, लेकिन छह लाइन की रैलिंग की व्यवस्था भी नहीं हो पाई है।यहां तक राजस्थान सिक्योरिटी एजेंसी को लेकर कहा गया कि इस एजेंसी की जगह रिटायर्ड सैनिकों की एजेंसी को लगाया जाए, लेकिन आज तक इस दिशा में भी कोई काम नहीं हो पाया है। अब तो सेवायत ही खुद सवाल उठा रहे हैं कि अगर आदेशों का पालन ही नहीं होना है तो कमेटी नए आदेश क्यों दे रही है। कमेटी के पदाधिकारी अपने ही आदेशों का पालन कराने में पीछे क्यों हैं। भीड़ में फंसे लोगों से इस बारे में बात की गई तो गाजियाबाद से आए वरुण ने कहा कि मंदिर में भीड़ लगातार बढ़ती ही जा रही है। नई कमेटी के बारे में सुना था, लग रहा था कि व्यवस्थाएं बेहतर होंगी, लेकिन यहां आए तो कुछ नहीं दिखा।

# UP:कई जिलों में देर रात से बारिश,

## छह डिग्री तक लुढ़का पारा; आज कई इलाकों में भारी बरसात की चेतावनी



Weather in UP: मैंथा चक्रवात की वजह से यूपी में मौसम ने यू-टर्न लिया है। राजधानी लखनऊ सहित कई जिलों में सोमवार देर रात से बारिश हो रही है।उत्तर प्रदेश में अक्तूबर का आखिरी हफ्ता मौसमी उतार-चढ़ाव और चक्रवात मोंथा के असर में गुजरने वाला है। मौसम विभाग का कहना है कि अरब सागर से आ रही नमी और बंगाल की खाड़ी में बन रहे वेदर सिस्टम के चलते बादलों की सक्रियता बढ़ी है। इसके असर से अगले दो दिनों मेंअधिकतम तापमान में 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट देखने को मिलेगी। इधर लखनऊ सहित कई जिलों में देर रात से बारिश हो रही है। सोमवार को प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बादलों की आवाजाही, पारे में गिरावट और बुंदेलखंड के झांसी, ललितपुर आदि में बूंदाबांदी देखने को मिली। सोमवार शाम तक बांदा में सर्वाधिक 14.6 मिमी और ललितपुर में 10 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम को देखते हुए किसानों ने धान फसल की कटाई जोर-शोर से शुरू कर दी है। किसानों को डर है कि खेत में तैयार खड़ी धान की फसल पर पानी पड़ा तो नुकसान होगा।आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना गहन अवदाब तेजी से प्रबल होकर गंभीर चक्रवाती तूफान मोंथा में बदल रहा है। उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ते हुए यह आंध्र प्रदेश तट के काकीनाडा के आसपास 28 अक्टूबर की शाम या रात के समय प्रचंड चक्रवाती तूफान के रूप में पहुंच सकता है।मोंथा चक्रवात का सबसे ज्यादा असर यूपी और बिहार में दिखेगा। 29 से 31 अक्तूबर के बीच बिहार से सटे पूर्वांचल के कई जिलों और बुंदेलखंड आदि में गरज-चमक के साथ बारिश के आसार हैं। 30 अक्तूबर को वाराणसी आदि में भारी बारिश का पूर्वानुमान है।राजधानी में रविवार रात के बाद से मौसम ने पूरी तरह से करवट ली है। सोमवार सुबह हल्के कोहरे और बादलों के साथ सुबह की शुरूआत हुई। दोपहर में शहर के अधिकतर इलाकों में बूंदाबांदी देखने को मिली। दिन भर छाई बदली और फुहारों के असर से अधिकतम तापमान पर पारे ने गोता लगाया। महज 24 घंटों में अधिकतम तापमान में करीब 6 डिग्री की गिरावट के साथ 28 डिग्री पर आ गया।मौसम में इस बदलाव का असर शहर की हवा में साफ महसूस हुआ। दिन ढलने के बाद हवा में ठंड साफ महसूस हुई। सुबह में ही लोग गर्म कपड़ों में नजर आए। शाम में भी अच्छी ठंड महसूस हुई जिसकी वजह से लोगों को गर्म कपड़े पहनने पड़े। मौसम विभाग का अनुमान है

## रोमांस-थ्रिलर से लेकर पौराणिक कहानियों तक




हर हफ्ते की तरह इस बार भी ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मनोरंजन का बड़ा धमाका देखने को मिलेगा। इस वीकेंड दर्शकों के लिए ऐसी कई वेब सीरीज और फिल्में रिलीज हो रही हैं, जो हर स्वाद के दर्शकों के लिए कुछ खास लेकर आई हैं- चाहे वो रोमांस पसंद करने वाले हों, या पौराणिक कथाओं के दीवाने। इस हफ्ते नेटफ्लिक्स, प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार और जी5 जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स पर कई चर्चित रिलीज एक साथ टकरा रही हैं।तेलुगु सुपरस्टार पवन कल्याण की एक्शन थ्रिलर 'दे कॉल हिम ओजी' इस हफ्ते नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हो रही है। फिल्म में इमरान हाशमी और प्रियंका मोहन भी अहम किरदार निभा रहे हैं। कहानी ओजस गम्भीरा नाम के पूर्व गैंगस्टर की है, जो दस साल बाद मुंबई लौटता है अपने पुराने दोस्त से बदला लेने। डायरेक्टर सुजीत ने फिल्म को एक स्टाइलिश एक्शन टच दिया है, जिसमें दोस्ती, धोखा और बदले की एक मजबूत कहानी बुनी गई है।सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की फिल्म 'परम सुंदरी' अमेजन प्राइम वीडियो पर 24 अक्टूबर को रिलीज हो चुकी है।

## गायिका बोलीं- प्रेरणा मिलेगी



Usha Uthup0-Rituparna Sengupta: मशहूर गायिका उषा उत्थुप ने रोटरी इंडिया नेशनल सीएसआर अवार्ड्स 2025 को एक शानदार पहल बताया। इसके अलावा अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता ने भी अपनी राय रखी है।कोलकाता में रोटरी इंडिया नेशनल सीएसआर अवार्ड्स 2025 का आयोजन किया गया। इस समारोह को लेकर गायिका उषा उत्थुप और अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता ने प्रतिक्रिया दी है।

## विरोधियों पर लगाया ये इल्जाम

### जुबीन गर्ग निधन केस में असम के CM ने दिया बयान, कहा- आरोपपत्र दाखिल करेंगे




Zubeen Garg Death Case: गायक जुबीन गर्ग के निधन मामले में हर दिन नया अपडेट सामने आ रहा है। इस मामले में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने नया बयान दिया है।गायक जुबीन गर्ग के निधन के मामले में पुलिस कार्रवाई कर रही है। इस बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार असमिया सुपरस्टार जुबीन गर्ग की मौत के मामले में आरोपपत्र दाखिल करेगी। असम के मुख्यमंत्री ने जुबीन गर्ग की मौत की एसआईटी जांच पर भी पूरा भरोसा जताया है।मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा 'हम आरोपपत्र दाखिल करेंगे और अदालत न्याय करेगी। भाजपा खुलेआम कह रही है, 'हमें अदालत पर भरोसा है।' असम सरकार और मुझे पूरा विश्वास है कि एसआईटी अच्छा काम करेगी। एसआईटी ने वह सब कुछ किया जो जनता चाहती थी। वह सिंगापुर गई, घटनास्थल का दौरा किया और दूसरा पोस्टमार्टम किया। हमने सभी सुझावों का पालन किया।'

## गलत ग्रुप में जाने से बिगड़ा बसीर का खेल?

### या नेहल हैं वजह! नेटिजंस ने BB 19 में हुए डबल एविक्शन पर उठाए सवाल




हाल ही में बिग बॉस 19 में डबल एविक्शन हुआ, जिसमें बसीर अली और नेहल चुडासमा शो से बाहर हो गए हैं। अब सोशल मीडिया पर नेटिजंस बसीर अली के बाहर होने पर नेहल चुडासमा को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।रियलिटी शो बिग बॉस 19 जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है उसमें रोमांच बढ़ता जा रहा है। शो से दो प्रतियोगी और बाहर हो गए हैं, जिसमें बसीर अली और नेहल चुडासमा का नाम शामिल है। हालांकि बसीर-नेहल के एविक्शन से सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है और यूजर्स नेहल को इसके लिए जिम्मेदार मान रहे हैं। चलिए जानते हैं क्या बोल रहे नेटिजंस। बिग बॉस 19 में हाल ही में हुए डबल एविक्शन से सोशल मीडिया पर चर्चाओं का बाजार गरम हो गया है। बसीर अली और नेहल चुडासमा के शो से बाहर होने पर नेटिजंस कई सवाल खड़े कर रहे हैं। कुछ यूजर्स इसे अनुचित कह रहे हैं। वहीं कुछ यूजर्स बसीर-नेहल के बीच की कमेस्ट्री को वजह मान रहे हैं। बसीर अली और नेहल चुडासमा के बाहर होने पर यूजर्स एक्स पर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक ने ट्वीट किया, 'बिग बॉस 19 का एविक्शन पूरी तरह से अनुचित है, मैं इसके बाद शो नहीं देखने वाला हूं, क्षमा करें, लेकिन निर्माताओं ने गलत किया। वह घर में किसी भी अन्य की तुलना में सबसे मजबूत खिलाड़ी है, हम आपसे प्यार करते हैं बसीर अली।' दूसरे यूजर ने कहा, 'बसीर-नेहल अपने प्रेम प्रसंग के नाटक में इतने खो गए कि उन्होंने प्रशंसकों का समर्थन खो दिया। नेहल ने बेसीर का खेल खराब कर दिया।'चुडासमा के शो से बाहर होने पर नेटिजंस कई सवाल खड़े कर रहे हैं। कुछ यूजर्स इसे अनुचित कह रहे हैं। वहीं कुछ यूजर्स बसीर-नेहल के बीच की कमेस्ट्री को वजह मान रहे हैं। बसीर अली और नेहल चुडासमा के बाहर होने पर यूजर्स एक्स पर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक ने ट्वीट किया, 'बिग बॉस 19 का एविक्शन पूरी तरह से अनुचित है, मैं इसके बाद शो नहीं देखने वाला हूं, क्षमा करें, लेकिन निर्माताओं ने गलत किया। वह घर में किसी भी अन्य की तुलना में सबसे मजबूत खिलाड़ी है, हम आपसे प्यार करते हैं बसीर अली।' दूसरे यूजर ने कहा, 'बसीर-नेहल अपने प्रेम प्रसंग के नाटक में इतने खो गए कि उन्होंने प्रशंसकों का समर्थन खो दिया। नेहल ने बेसीर का खेल खराब कर दिया।'

## मास्टर जिसने बदला भारतीय विज्ञापन जगत का चेहरा

### पद्मश्री समेत मिले थे कई सम्मान; जानें पीयूष पांडे के बारे मे



Piyush Pandey Death: भारतीय विज्ञापन जगत की आत्मा और चेहरे को बदलने वाले प्रखर व्यक्तित्व पीयूष पांडे का गुरुवार को 70 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। चलिए जानते हैं उनके बारे में सबकुछ।'शरमा के दुल्हन जो ब्याह के आईं..', पीयूष पांडे का वो एड जिसके अमिताभ भी थे कायल। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने साल 2019 में पीयूष पांडे के काम की सराहना करते हुए एक्स पर पोस्ट किया था। ऐसे ही कई यादगार एड के लिए पीयूष को जाना जाता था। पीयूष अब हमारे बीच नहीं रहे। उन्होंने अपनी रचनात्मकता, सरलता और भारतीयता के रंगों से नई परिभाषा गढ़ी।

## पहली बार साथ काम करेंगे चिरंजीवी और वेंकटेश दग्गुबाती




Chiranjeevi: साउथ सुपरस्टार चिरंजीवी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मन शंकर वरप्रसाद गरु' (एमएसवीजी) से चर्चा में हैं। अब अभिनेता ने एक पोस्ट साझा कर पुष्टि कि इस फिल्म में वेंकटेश दग्गबाती भी नजर आएंगे। साउथ सिनेमा इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता चिरंजीवी की आगामी फिल्म 'मन शंकर वरप्रसाद गरु' (एमएसवीजी) को लेकर एक बड़ी अपडेट आई है। इस फिल्म में अभिनेता वेंकटेश दग्गुबाती भी दर्शकों का मनोरंजन करते दिखेंगे। इस बात की पुष्टि की खुद चिरंजीवी ने एक पोस्ट के जरिए दी है। जानिए उन्होंने क्या लिखा।

अभिनेता चिरंजीवी ने आगामी फिल्म 'एमएसवीजी' का एक क्लिप अपने एक्स अकाउंट पर साझा किया है। इस 37 सेकेंड के वीडियो में वेंकटेश दग्गुबाती खास अंदाज में नजर आ रहे हैं। फिर आगे दिखता है कि दोनों अभिनेता वेंकटेश और चिरंजीवी एक साथ गले मिलते हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए चिरंजीवी ने ट्वीट के कैप्शन में लिखा, 'मेरे प्रिय मित्र वेंकटेश दग्गुबाती का 'मन शंकर वरप्रसाद गरु' परिवार में स्वागत है।''मन शंकर वरप्रसाद गरु'

# The Bonus Market Update

## लाल निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 153 अंक गिरा, निफ्टी में भी गिरावट




The Bonus Market Update: करीब एक सप्ताह की तेजी और ताजा विदेशी पूंजी निकासी के बाद मुनाफावसूली के बीच शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। दोनों बेंचमार्क सूचकांक गुरुवार को अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर के करीब पहुंच गए थे। आइए जानें शुक्रवार को शेयर बाजार का हाल।पिछले कई दिनों की तेजी के बाद सप्ताह के आखिरी दिन शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली है। शुक्रवार की शुरुआती कारोबार में प्रमुख शेयर सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी गिरावट देखी गई। 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 153.18 अंक गिरकर 84,403.22 पर आ गया, जबकि 50 शेयरों वाला निफ्टी 51.1 अंक घटकर 25,840.30 पर कारोबार कर रहा है। दोनों सूचकांक गुरुवार को अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंचे थे।करीब एक सप्ताह की तेजी और ताजा विदेशी पूंजी निकासी के बाद मुनाफावसूली के बीच शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। दोनों बेंचमार्क सूचकांक गुरुवार को अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर के करीब पहुंच गए थे।सेंसेक्स की कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, इटरनल और अडानी पोर्ट्स प्रमुख रूप से पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। हालांकि, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा स्टील लाभ में रहे। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।गुरुवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुए। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 1,165.94 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) खरीदार रहे, इन्होंने पिछले कारोबारी सत्र में 3,893.73 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.47 प्रतिशत गिरकर 65.68 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। गुरुवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ सेंसेक्स 130.06 अंक या 0.15 प्रतिशत चढ़कर 84,556.40 पर बंद हुआ। निफ्टी 22.80 अंक या 0.09 प्रतिशत बढ़कर 25,891.40 पर बंद हुआ।

# Gold Silver Price

## सोने की वैश्विक कीमतों में पिछले हफ्ते 14 वर्ष की बड़ी गिरावट, चांदी 7 फीसदी टूटी



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोना प्रति दस ग्राम अब 1.23 लाख रुपये पर आ गया है। यह 17 अक्तूबर को 1,34,800 रुपये रहा था। यानी करीब 12,000 रुपये की कमी आई है। चांदी भी 1.84 लाख रुपये प्रति किलो से घटकर 1.72 लाख रुपये पर आ गई है। यह भी 12,000 रुपये घटी है।लगातार रिकॉर्ड ऊंचाई बना रहे सोना और चांदी की चमक फीकी पड़ने लगी है। वैश्विक बाजार में सितंबर, 2011 के बाद सोने की कीमतों में पिछले हफ्ते सबसे बड़ी गिरावट देखी गई। यह इस दौरान 4,400 डॉलर प्रति औंस से घटकर 4,036 डॉलर प्रति औंस हो गई है।राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोना प्रति दस ग्राम अब 1.23 लाख रुपये पर आ गया है। यह 17 अक्तूबर को 1,34,800 रुपये रहा था। यानी करीब 12,000 रुपये की कमी आई है। चांदी भी 1.84 लाख रुपये प्रति किलो से घटकर 1.72 लाख रुपये पर आ गई है। यह भी 12,000 रुपये घटी है। न्यूयॉर्क में सोने का वायदा भाव सोमवार को रिकॉर्ड 4,374 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ।मंगलवार को 250 डॉलर (या 5.74%) से अधिक गिर गया। सितंबर, 2011 के बाद से फीसदी के लिहाज से एक दिन में यह सबसे बड़ी गिरावट है। आर्थिक अनिश्चितता के बीच सोने की बिक्री अक्सर तेजी से बढ़ती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दुनिया भर से आयात पर लगाए गए टैरिफ की बौछार, महंगाई को लेकर बढ़ती चिंताओं और अब हफ्तों से चल रहे अमेरिकी सरकार के बंद के बीच अधिकतर निवेशक सोने की ओर रुख कर

# वित्त मंत्री बोलीं- GST कटौती से बढ़ी खरीदारी

## दीपावाली पर UPI: एक दिन में रिकॉर्ड ₹1.02 लाख करोड़ का लेनदेन



भारत में वित्तीय लेनदेन के लिए डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल बढ़ रहा है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के मुताबिक इस दीपावली जीएसटी दरों में कटौती के बाद खरीदारी बढ़ी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक यूपीआई से एक दिन में रिकॉर्ड ₹1.02 लाख करोड़ का लेनदेन हुआ है। जानिए खास बातेंदिवाली और त्योहारी अवसर के चलते यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई)

# Crude Oil

## रूस पर अमेरिका के प्रतिबंधों से कच्चे तेल की कीमतों में चार फीसदी से अधिक उछाल, बाजार में हलचल



अमेरिका की इस सख्ती के बाद बृहस्पतिवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 4 फीसदी से ज्यादा उछाल दर्ज किया गया। ब्रेंट क्रूड 2.71 डॉलर या 4.3 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 65.30 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया।यूक्रेन में शांति समझौते पर बातचीत के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव बनाने के प्रयास के तहत अमेरिका ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन प्रतिबंधों में अमेरिका में रोसनेफ्ट और लुकोइल की सभी संपत्तियों को जब्त करना भी शामिल है। अमेरिका की इस सख्ती के बाद बृहस्पतिवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 4 फीसदी से ज्यादा उछाल दर्ज किया गया। ब्रेंट क्रूड 2.71 डॉलर या 4.3 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 65.30 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड की कीमतें 2.56 डॉलर या 4.40 फीसदी के उछाल के साथ 61.06 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गईं।अमेरिका से पहले ब्रिटेन ने भी पिछले सप्ताह रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगाए हैं। यूरोपीय संघ के देशों ने भी रूस के खिलाफ प्रतिबंधों के 19वें पैकेज को मंजूरी दी, जिसमें रूसी एलएनजी के आयात पर पाबंदी लगाना भी शामिल है। यूबीएस के विश्लेषक जियोवानी स्टानोवो ने कहा, वैश्विक तेल बाजारों पर इन प्रतिबंधों का पड़ने वाला असर इस बात पर निर्भर करेगा कि भारत कैसी प्रतिक्रिया देता है और क्या रूस को वैकल्पिक खरीदार मिलते हैं।

# Business Roundup:

## लगातार चौथे दिन गिरा शेयर बाजार; सोना-चांदी रिकॉर्ड हाई से नीचे, यहां पढ़ें कारोबार की खबरें




Business Roundup: बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद लाल निशान पर बंद हुए। सोने और चांदी की कीमतों में बुधवार को रिकॉर्ड ऊंचाई से गिरावट आई। इस बीच, रुपया शुरुआती निचले स्तर से उबरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.72 पर लगभग स्थिर बंद हुआ। बिजनेस राउंडअप में पढ़ें कारोबार जगत की खबरें एक ही क्लिक में। भारतीय और वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ी कई खबरें मंगलवार को कारोबार जगत की सुर्खियां बनीं। बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद लाल निशान पर बंद हुए। डॉलर में सुधार और फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल द्वारा मंगलवार को दिए गए भाषण में की गई आक्रामक टिप्पणियों के कारण सोने की कीमतें अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से थोड़ी नीचे आ गई हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को रेलवे कर्मचारियों के लिए 1,866 करोड़ रुपये के उत्पादकता-आधारित बोनस (पीएलबी) को मंजूरी दे दी। आइए बिजनेस राउंडअप में इन खबरों पर विस्तार से एक नजर डालें।विदेशी पूंजी निकासी और अमेरिका में एच-1बी वीजा शुल्क में भारी वृद्धि की चिंता के कारण बुधवार को बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार चौथे दिन गिरावट

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612


















# Rohit Sharma:


## रोहित ने ऑस्ट्रेलिया में सफलता का श्रेय अपनी तैयारी को दिया, कोहली के साथ साझेदारी पर भी रखी राय




रोहित मई में आईपीएल 2025 के बाद कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नही खेले थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आने से पहले कड़ा अभ्यास किया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में सफलता का श्रेय इसी तैयारी को दिया।भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का बल्ला ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जमकर चला और उन्होंने टीम में अपनी उपयोगिता भी साबित की। रोहित ने 223 दिनों बाद भारतीय टीम के लिए कोई मैच खेला था। पर्थ में रोहित सस्ते में आउट हो गए थे, लेकिन एडिलेड वनडे में उन्होंने अर्धशतक लगाया था, जबकि सिडनी में उन्होंने नाबाद शतकीय पारी खेल भारत को क्लीन स्वीप से बचा लिया था। रोहित मई में आईपीएल 2025 के बाद कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नही खेले थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आने से पहले कड़ा अभ्यास किया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में सफलता का श्रेय इसी तैयारी को दिया। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ सीरीज 2-1 से अपने नाम की, लेकिन भारतीय प्रशंसकों को रोहित और विराट कोहली के बल्ले से रन निकालता देखने से खुशी मिली। रोहित को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था। रोहित ने बीसीसीआई वेबसाइट से कहा, जब से मैंने खेलना शुरू किया है मेरे पास कभी भी किसी सीरीज की तैयारी के लिए चार से पांच महीने नहीं होते थे, इसलिए मैं इसका उपयोग करना चाहता था। मैं चीजों को अपने तरीके से, अपनी शर्तों पर करना चाहता था और यह वास्तव में मेरे लिए अच्छा रहा क्योंकि मुझे समझ में आया कि मुझे अपने बाकी करियर के लिए क्या करने की जरूरत है।उस समय का उपयोग करना महत्वपूर्ण था क्योंकि जैसा कि मैंने कहा कि मेरे पास इतना समय पहले कभी नहीं था और मैंने घर पर अच्छी तैयारी की थी। यहां और स्वदेश की परिस्थितियों में अंतर है लेकिन मैं ऑस्ट्रेलिया कई बार आ चुका हूं इसलिए यह बस उस लय में आने के बारे में था। उन्होंने कहा, इसलिए मैंने यहां आने से पहले जिस तरह से तैयारी की उसे बहुत श्रेय देता हूं। खुद को बहुत समय दिया। यह बहुत महत्वपूर्ण था क्योंकि कभी-कभी आपको यह समझने की जरूरत होती है कि पेशेवर रूप से आप जो करते हैं उसके अलावा जीवन में बहुत कुछ करना है लेकिन मेरे पास बहुत समय था और इसलिए मैंने इसका उपयोग किया।रोहित ने लंबे समय से अपने साथी रहे विराट कोहली के साथ मैच जिताऊ साझेदारी की और इसे लेकर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, जाहिर है दो नई गेंदों के साथ यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। शुरुआत में खेलना थोड़ा मुश्किल था लेकिन हमें पता था कि एक बार गेंद की चमक खत्म हो जाने के बाद यह थोड़ा आसान हो जाएगा। इसलिए यह बस उस लय में आने के बारे में था।

## BAN vs WI: 117 पर ऑलआउट हुआ वेस्टइंडीज

### 117 पर ऑलआउट हुआ वेस्टइंडीज, बांग्लादेश ने 179 रन से जीता तीसरा वनडे; 2-1 से सीरीज पर जमाया कब्जा




मीरपुर में खेले गए निर्णायक और आखिरी मुकाबले में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में आठ विकेट पर 296 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 30.1 ओवर में सिर्फ 117 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई।बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को तीसरे वनडे में 179 रन से हराकर 2-1 से सीरीज अपने नाम कर ली। गुरुवार को मीरपुर में खेले गए निर्णायक और आखिरी मुकाबले में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में आठ विकेट पर 296 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 30.1 ओवर में सिर्फ 117 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। मेजबानों की तरफ से नसुम अहमद और रिशाद हुसैन ने तीन-तीन विकेट झटके जबकि मेहदी हसन मिराज और तनवीर इस्लाम ने दो-दो सफलताएं हासिल कीं। इससे पहले बांग्लादेश ने पहला वनडे मैच 74 रन से जीता था जबकि वेस्टइंडीज ने दूसरे मैच में मेजबानों को सुपरओवर में हराया था। बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को तीसरे वनडे में 179 रन से हराकर 2-1 से सीरीज अपने नाम कर ली। गुरुवार को मीरपुर में खेले गए निर्णायक और आखिरी मुकाबले में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में आठ विकेट पर 296 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 30.1 ओवर में सिर्फ 117 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। मेजबानों की तरफ से नसुम अहमद और रिशाद हुसैन ने तीन-तीन विकेट झटके जबकि मेहदी हसन मिराज और तनवीर इस्लाम ने दो-दो सफलताएं हासिल कीं। इससे पहले बांग्लादेश ने पहला वनडे मैच 74 रन से जीता था जबकि वेस्टइंडीज ने दूसरे मैच में मेजबानों को सुपरओवर में हराया था।

## Ravindra Jadeja: जडेजा की घरेलू क्रिकेट

### जडेजा की घरेलू क्रिकेट में वापसी, मध्य प्रदेश के खिलाफ सौराष्ट्र के लिए खेलेंगे रणजी मैच



जडेजा इस समय ब्रेक पर हैं। उन्होंने हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज में हिस्सा लिया था, जिसमें उन्होंने पहला टेस्ट अहमदाबाद में नाबाद 104 रन बनाए और पूरी सीरीज में आठ विकेट भी लिए। भारत ने यह सीरीज 2-0 से अपने नाम की।भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा एक बार फिर घरेलू क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। वह रणजी ट्रॉफी 2025-26 के दूसरे राउंड में सौराष्ट्र की ओर से मध्य प्रदेश के खिलाफ खेलेंगे। यह मुकाबला 25 अक्तूबर से राजकोट में शुरू होगा। जडेजा इस समय ब्रेक पर हैं। उन्होंने हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज में हिस्सा लिया था, जिसमें उन्होंने पहला टेस्ट अहमदाबाद में नाबाद 104 रन बनाए और पूरी सीरीज में आठ विकेट भी लिए। भारत ने यह सीरीज 2-0 से अपने नाम की।जडेजा को ऑस्ट्रेलिया में चल रही वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया था। इस पर उन्होंने कहा था कि यह कोई चौंकाने वाली बात नहीं है क्योंकि टीम प्रबंधन ने पहले ही उन्हें योजना के बारे में बता दिया था।ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, जडेजा की टीम में वापसी सौराष्ट्र के लिए बड़ा मनोबल बढ़ाने वाली होगी। यह वही पिच है जहां पिछले हफ्ते सौराष्ट्र और कर्नाटक के बीच हुए मैच में 35 में से 31 विकेट स्पिनरों ने झटके थे। हाल ही में जडेजा ने 2027 के विश्व कप में खेलने की इच्छा जताई थी। उन्होंने कहा था, 'यह अच्छी बात है कि उन्होंने मुझे वजह साफ-साफ बताई। जब भी मुझे अगला मौका मिलेगा, मैं वही करूंगा जो अब तक करता आया हूं। अगर मुझे विश्व कप से पहले मिलने वाले वनडे मैचों में मौका मिलता है और मैं अच्छा प्रदर्शन करता हूं, तो यह भारतीय क्रिकेट के लिए शानदार होगा। विश्व कप जीतना हर खिलाड़ी का सपना होता है। पिछली बार हम थोड़ा पीछे रह गए थे, इस बार हम कोशिश करेंगे कि वह सपना पूरा हो।' जडेजा ने पिछली बार सौराष्ट्र के लिए दो मैच खेले थे और 12 विकेट लिए थे, जिनमें दिल्ली के खिलाफ उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7/38 रहा था।

## IPL: अगले सत्र से पहले पंजाब को मिला नया स्पिन गेंदबाजी कोच, इस पूर्व भारतीय क्रिकेटर को सौंपी जिम्मेदारी



बहुतुले केरल, गुजरात, विदर्भ और बंगाल जैसी घरेलू टीम के अलावा आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के साथ कोचिंग की भूमिका निभा चुके हैं। पंजाब किंग्स की टीम पिछले सत्र में उप विजेता रही थी। आईपीएल के आगामी सत्र से पहले पंजाब किंग्स को नया स्पिन गेंदबाजी कोच मिल गया है। पंजाब ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर साईराज बहुतुले को टीम का नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। भारत के लिए दो टेस्ट और आठ वनडे मैच खेलने वाले 52 साल के बहुतुले सुनील जोशी की जगह लेंगे जो 2023 से यह भूमिका निभा रहे थे। बहुतुले प्रथम श्रेणी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और बेहद सम्मानित कोच हैं।इससे पहले बहुतुले केरल, गुजरात, विदर्भ और बंगाल जैसी घरेलू टीम के अलावा आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के साथ कोचिंग की भूमिका निभा चुके हैं। पंजाब किंग्स की टीम पिछले सत्र में उप विजेता रही थी पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन ने बहुतुले का स्वागत करते हुए कहा, हम वर्षों से पंजाब किंग्स के प्रति समर्पित सेवा और योगदान के लिए सुनील जोशी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। आगे बढ़ते हुए हम अपने कोचिंग स्टाफ में साईराज बहुतुले का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं।बहुतुले ने पंजाब किंग्स में शामिल होने को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की। उन्होंने कहा, मैं आगामी आईपीएल सीजन के लिए पंजाब किंग्स के स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में शामिल होने के लिए बेहद उत्साहित हूं। यह एक ऐसी टीम है जो एक अलग तरह का क्रिकेट खेलती है और मुझे लगता है